Date :- 27-04-2025
Dainik Bhaskar, Page-ii, Surat

**मेट्रो प्रोजेक्ट** • तापी के वाटर लेवल से 20 मीटर ऊंचा होगा ब्रिज

# तापी पर निर्माणाधीन मेट्रो ब्रिज पर स्पान के लिए गर्डर की लॉन्चिंग शुरू की गई

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो रेल परियोजना में कॉरिडोर-2 के लिए तापी नदी पर बन रहे ब्रिज पर शनिवार से स्पान के लिए गर्डर लॉन्चिंग शुरू कर दी गई। नदी के ऊपर 50 मीटर लंबे स्पान रखने का निर्णय लिया गया है, जबकि अन्य स्थानों पर सामान्यतः 20 से 25 मीटर के स्पान का उपयोग किया जा रहा है। तापी नदी के ऊपर कुल 8 ऐसे स्पान होंगे, जिनकी लंबाई 50 मीटर होगी। इनका निर्माण सेगमेंटल बॉक्स गडर्स के माध्यम से किया जा रहा है। इस मेट्रों ब्रिज के लिए पिलर बनाने का काम चल रहा है।

## गर्डर मेथड से बन रहे ब्रिज की खासियत

**350** मीटर कुल लंबाई होगी ब्रिज।

**08** स्पान लगेंगे।

**50** मीटर लंबा होगा हर स्पान।

**20** मीटर ऊंचा है वाटर लेवल से।

